पत्नी ने प्रेमी संग रची पति की हत्या की साजिश

पत्थर से हमला कर शव को बोल्डर के पीछे फेंका, मोबाइल, बाइक और कपड़ों से खुला हत्या का राज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली,25 जून। चितरंगी पुलिस ने महज 72 घंटे के भीतर एक अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए मृतक की पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रेम संबंधों के चलते पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी।

पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने मीडिया कर्मियों को अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा करते हुये बताया कि 21 जून को ग्राम भर्रा निवासी 38 वर्षीय रघुनाथ उर्फसरजू खैरवार का शव नेशनल हाईवे-39 के किनारे एक बोल्डर के पीछे संदिग्ध अवस्था में मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पोस्टमार्टम एवं जांच के दौरान हत्या की आशंका सामने आने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। आगे बताया कि एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम के नेतृत्व में थाना प्रभारी चितरंगी सुदेश तिवारी द्वारा गठित टीम ने मृतक के परिजनों, ग्रामीणों तथा संदिग्धों से पूछतांछ की। जांच के दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी के माड़ा थाना क्षेत्र के मलगा निवासी नीरज कुमार शाह से प्रेम संबंध थे।

इस दौरान खुलासा हुआ कि पत्नी अपने पति की शराब की आदत से परेशान थी और प्रेमी के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई गई थी और इसी के तहत आरोपियों ने इस सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया। पुलिस के पूछतांछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा अन्य साक्ष्य भी जप्त किए गए हैं।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चितरंगी निरीक्षक सुधेश तिवारी, उनि पवन सिंह, आरके वर्मा, उमेश तिवारी, सतीश दीक्षित, प्रआर संत कुमार, आर मुकेश पांडेय, सुदर्शन चौहान, अमलेश सिंह, प्रशांत केसरी, शुभम पटेल, राजेश मिश्रा, सर्वदानंद सहित साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, पहुंचे जेल

पुलिस जांच में सामने आया कि 19 जून को मृतक शादी में जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान आरोपी नीरज कुमार शाह अपने साथी सूरज सिंह गोंड के साथ उसे शराब पिलाने के बहाने से हाईवे किनारे ले गया। वहां दोनों ने पत्थर से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को बोल्डर के पीछे फेंककर फरार हो गए। बाद में आरोपी ने मृतक की पत्नी को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में नीरज कुमार शाह पिता रमाशंकर शाह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मलगा थाना माड़ा, सूरज सिंह गोंड पिता छत्रपति सिंह गोड़ उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मलगा थाना माड़ा तथा मृतक रघुनाथ उर्फ सरजू की पत्नी रामकली उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं घटना के समय पहने गए कपड़े जप्त किए गए हैं।

एसडीओपी करेंगे हवाई फायर घटना की जांच

माचीकला गांव की घटना, सोनघड़ियाल वनकर्मियों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

फोलोअप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जून। गढ़वा थाना क्षेत्र के माचीकला गांव में पिछले दिनों सोन घड़ियाल अभ्यारण के एक वनकर्मी द्वारा कथित रूप से राइफल से कई हवाई फायर किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जिम्मेदारी एसडीओपी चितरंगी राहुल कुमार सैयाम को सौंपी है।

सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान सोन घड़ियाल अभ्यारण बिछी, बगदरा के रेंजर सहित अन्य वनकर्मी एसडीओपी से मिलने पहुंचे थे, जहां कथित तौर पर उन्हें फटकार भी लगाई गई। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन घटना के बाद क्षेत्र में उप संचालक, रेंजर तथा संबंधित वनकर्मियों को हटाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। अब सभी की नजरें पुलिस जांच रिपोर्ट और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

रेत कारोबारियों को सोनघड़ियाल अमले का संरक्षण!

बताया जाता है कि माचीकला गांव के एक व्यक्ति ने सोन नदी से रेत उत्खनन एवं परिवहन से जुड़ा एक स्टेटस सोशल मीडिया पर साझा किया था। इसके बाद वन अमला एक ट्रैक्टर मालिक के घर पहुंचा और ट्रैक्टर इंजन जप्त करने का प्रयास करने लगा। कार्रवाई का विरोध करते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीण, जिनमें महिलाएं भी शामिल थी, मौके पर एकत्र हो गए थे। इसी दौरान एक वनकर्मी द्वारा कई राउंड हवाई फायर किए जाने का आरोप है। घटना के समय नौडिहवा चौकी के पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। इस घटना के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सोन नदी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन जारी है तथा कुछ मामलों में वन अमले की भूमिका संदिग्ध रही है। चार माह पूर्व गढ़वा पुलिस द्वारा पकड़े गए एक रेत से लदे वाहन को बाद में विभागीय स्तर पर कथित रूप से क्लीन चिट दिए जाने की चर्चा भी फिर से तेज हो गई है।

इनका कहना :-

अभी जांच आदेश नही मिला है। लेकिन जानकारी मिल गई है। एसपी के द्वारा जांच मुझे सौपी गई है। किन परिस्थितियों में फायर करने की आवश्यकता पड़ी है, इन सब पहलुओं की जांच की जावेगी।

राहुल कुमार सैयाम
एसडीओपी, चितरंगी

एक नजर में

डीएवी रोड मस्जिद मार्केट मार्ग की बदहाली

सिंगरौली। शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों में शामिल डीएव्ही रोड मस्जिद मार्केट मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। महज एक वर्ष पूर्व निर्मित सड़क गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय वार्डवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि लापरवाह संविदाकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और मार्ग का तत्काल मरम्मत कार्य कराया जाए। उनका कहना है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी सड़क पर गड्ढे और मलबा छोड़ देना गंभीर लापरवाही है। वहीं ननि के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और आमजन को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

पीएम श्रम योगी मानधन योजना का लाभ उठाने अपील

सिंगरौली। सहायक श्रमायुक्त कार्यालय सिंगरौली द्वारा जिले के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ लेने की अपील की गई है। यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र असंगठित श्रमिक अंशदान कर योजना से जुड़ सकते हैं। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। अंशदान की राशि आयु के अनुसार निर्धारित है तथा लाभार्थी द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी किया जाता है।

एसबी सिंह भारमुक्त, कविता को डीईओ का प्रभार

सिंगरौली। जिले के शिक्षा विभाग में महत्वपूर्ण प्रशासनिक परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर गौरव बैनल ने प्रभारी डीईओ एसबी सिंह को उनके दायित्वों से भारमुक्त कर दिया है। यह कार्रवाई शासन के निर्देशों के अनुपालन में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा कविता त्रिपाठी को सहायक संचालक के पद पर कार्यरत रहते हुए डीईओ सिंगरौली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नई व्यवस्था के तहत वे जिले में शिक्षा विभाग से संबंधित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भाजपा ने याद किया आपातकाल का काला अध्याय

सिंगरौली। भाजपा द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के काले इतिहास के संदर्भ में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने आपातकाल के समय देश पर थोपे गए संकट और नागरिकों को दी गई यातनाओं को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी मंचासीन रहे। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। वहीं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने अपने उद्बोधन में आपातकाल की यातनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान हमारे जिले के वीर सेनानियों ने जो कष्ट सहे, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

स्कूल का समय जीवन के सबसे खूबसूरत पल है : सविता

पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल में ननि आयुक्त ने दिया प्रेरणादायी संदेश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जून। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने आज पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल विंध्यनगर पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्हें शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

ननि आयुक्त ने कहा कि स्कूल का समय जीवन के सबसे खूबसूरत पलों में से एक होता है। स्कूल में विद्यार्थी केवल पढ़ाई ही नहीं करते, बल्कि यहां दोस्ती, टीम भावना, खेल, अनुशासन, जिम्मेदारी और जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी सीखते हैं। यही अनुभव आगे चलकर उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार स्वादिष्ट सब्जी बनाने के लिए नमक, हल्दी, मिर्च और अन्य मसालों का सही अनुपात जरूरी होता है, उसी प्रकार जीवन में भी मुस्कान, मेहनत, थोड़ी चुनौतियां, बचपन की सरलता और गंभीरता का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने, समय का सदुपयोग करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच भी जरूरी है। ननि आयुक्त ने छात्राओं से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वे स्वयं को सशक्त बनाएं, अच्छे से पढ़ाई करें और अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर बेटियां समाज के विकास की मजबूत आधारशिला हैं।

बैढ़न व मोरवा क्षेत्र में रेत और गिट्टी परिवहन में चार वाहन जब्त

खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, खनिज माफियाओं पर कसा शिकंजा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जून। जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा 24 एवं 25 जून को विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसमें अवैध रूप से रेत एवं गिट्टी का परिवहन करते चार वाहनों को जप्त किया गया।

खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, सहायक खनि अधिकारी रामसुशील चौरसिया तथा खनिज निरीक्षक अशोक मिश्रा के नेतृत्व में की गई जांच के दौरान कई वाहनों की सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 66 एजे 5508 गिट्टी परिवहन करते हुए पकड़ी गई। इसके अलावा बिना नंबर की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत तथा एक अन्य बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्रॉली गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाई गई। वहीं हाइवा वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजे 6941 को भी रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जप्त किया गया। जप्त किए गए वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाना विंध्यनगर, मोरवा एवं कोतवाली बैढ़न में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी मामलों में म.प्र. खनिज नियमों के तहत नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालया में नशामुक्ति पर जागरूकता आयोजित

सिंगरौली 25 जून (एनबीएन)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में जिले के स्कूलों में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दीपक सोनी ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि नशा न केवल सोचने-समझने की शक्ति को कमजोर करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी तोड़ता है।

राजभाषा हिंदी के प्रति हर भारतीय का स्वाभाविक अनुराग है : संजय

एनटीपीसी रिहंद में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

रिहंदनगर 25 जून। एनटीपीसी रिहंद सुपर थर्मल पावर स्टेशन में आज वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक का आयोजन किया गया।

यह महत्वपूर्ण बैठक समिति के अध्यक्ष, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख संजय असाटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान भारत सरकार के गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रमों पर मदवार विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति के अध्यक्ष संजय असाटी ने उपस्थित समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा राजभाषा हिंदी के प्रति हर भारतीय का स्वाभाविक अनुराग है। हमें इसके संवर्धन और विकास की दिशा में मिल-जुलकर प्रयास करने होंगे।

डिप्टी कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से किया सवांद

सिंगरौली 25 जून (एनबीएन)। जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहुँचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है। इसी कड़ी में डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की एवं अधीक्षण अभियंता एमपीईबी ने अलग-अलग शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। डिप्टी कलेक्टर कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा की और उनके करियर के लक्ष्यों के बारे में जाना।

मोरवा पुलिस ने नुक्कड़ सभा कर लोगों को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जून। सेफ क्लीक साइबर जागरूकता अभियान 2.0 के तहत आज गुरुवार को एसपी सियाज केएम के निर्देश पर मोरवा पुलिस द्वारा मोरवा बस स्टैंड पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी मोरवा डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने व्यापारियों, राहगीरों एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक खाता एवं एटीएम संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी।

नुक्कड़ सभा के दौरान डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग तथा बैंकिंग फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर 1930 पर संपर्क कर शिकायत करें।

निगरी के 62 पॉवरमेक कंपनी कर्मियों ने किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जून। हमारे अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के शुभ जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 24 जून को जयप्रकाश पॉवर वेंचर्स लिमिटेड निगरी के अस्पताल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारम्भ जिला अस्पताल सीधी की डॉ. सुनिधि सिंह एवं उनकी टीम और अडानी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी शशाधर दास, मयंक जलावड़िया, मेजर जनरल एसके पानिग्रही, सिहित अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर चेयरमैन गौतम अडाणी के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना के साथ बड़े हर्ष एवं उत्साह से किया गया। इस विशाल रक्तदान शिविर में कंपनी के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक और पॉवरमेक के भी अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, जिसमें 62 लोगों ने रक्तदान किया।

संयुक्त व्यापार मंडल की वार्षिक बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जून। संयुक्त व्यापार मंडल की प्रबंध कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक कश्यप भवन धर्मशाला में आज संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजाराम केसरी की अध्यक्षता में संपन्न की गई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

पिछले गत वर्षो की लेखा जोखा का हिसाब किताब प्रस्तुत किया गया। सदस्यता शुल्क के संबंध में चर्चा हुई की जिसकी भी सदस्यता 2024-25 एवं 2025-26 की नहीं जमा हो पाया है, वे सभी व्यापारी सदस्य 1000 जमा कर अपनी सदस्यता बनाए रखें, ताकि व्यापार संघ के चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

संयुक्त व्यापार मंडल का चुनाव 5 अगस्त को कराए जाने को लेकर के चर्चा की गई । समय से पहले सभी व्यापारी सदस्य ज्यादा से ज्यादा बनाए जावे। ताकि अधिक से अधिक व्यापारी संगठन से जुड़ सके। बैठक में पवन कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपाध्यक्ष अभिलाष जैन, सुरेंद्र नोतवानी, गोपाल अग्रवाल, रमेश कुमार शाह, राम लगन विश्वकर्मा सहित अन्य की मौजूदगी रही।

बालिका का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली 25 जून (एनबीएन)। नवानगर थाना क्षेत्र से एक 16 वर्षीय बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय बालिका सोनाली (परिवर्तित नाम) लापता हो गई थी। जो बैढ़न के पचखोरा से बरामद हुई। पुलिस टीम ने आरोपी रविन्द्र पनिका पिता हरिहर पनिका निवासी घोरौलीकला को सीएचपी निगाही से बरामद कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नवानगर थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. अनिल पटेल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

स्कूल समय में जाम का पर्याय बना डीएवी मस्जिद मार्केट मार्ग

बेतरतीब पार्किंग से राहगीर परेशान, बच्चों की सुरक्षा पर सवाल, व्यवस्थित यातायात प्रबंधन की मांग तेज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 25 जून। नगर के प्रमुख और अत्यधिक व्यस्त डीएवी रोड, मस्जिद मार्केट मार्ग पर स्कूल खुलने और छुट्टी के समय प्रतिदिन जाम की गंभीर समस्या सामने आ रही है।

अभिभावकों द्वारा बच्चों को छोड़ने और लेने के दौरान वाहनों को सड़क किनारे तथा स्कूल गेट के समीप अव्यवस्थित ढंग से खड़ा कर देने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। परिणामस्वरूप कुछ ही मिनटों में पूरा मार्ग जाम की चपेट में आ जाता है और आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर कई विद्यालय, व्यावसायिक प्रतिष्ठान व आवासीय क्षेत्र स्थित हैं, जिससे वाहनों का दबाव पहले से ही अधिक रहता है। स्कूल समय में सड़क के दोनों ओर खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहन मार्ग को संकरा बना देते हैं। इससे पैदल चलने वाले बच्चों, अभिभावकों और अन्य वाहन चालकों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि यदि विद्यालय प्रबंधन, अभिभावक और यातायात विभाग समन्वय बनाकर निर्धारित पार्किंग व्यवस्था लागू करें, तो समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। लोगों ने स्कूल परिसरों के आसपास यातायात नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।